सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 179 | इंदौर, सोमवार 12 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● मोदी और जर्मन चांसलर ने अहमदाबाद में पतंग उड़ाई

● साबरमती आश्रम में बापू को नमन किया

## मर्ज ने लिखा- गांधी के आदर्श आज ज्यादा जरूरी




**अहमदाबाद, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज सोमवार सुबह अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पहुंचे। दोनों नेताओं ने यहां महात्मा गांधी को नमन किया। गांधी की मूर्ति पर फूल चढ़ाए और तस्वीर पर सूत (धागा) भी चढ़ाया।

आश्रम का दौरा करने के बाद मर्ज ने गेस्ट बुक ने लिखा- महात्मा गांधी की अहिंसा की अवधारणा, स्वतंत्रता की शक्ति में उनका विश्वास और हरेक व्यक्ति की गरिमा में उनकी आस्था आज भी लोगों को प्रेरित करती है। यह मानसिकता न्याय और संवाद को बढ़ावा देती है और दुनिया में आशा जगाती है। गांधी के आदर्शों की आज पहले से कहीं ज्यादा आवश्यकता है। साबरमती आश्रम के बाद दोनों नेता साबरमती रिवरफ्रंट पर पहुंचे। यहां इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल 2026 में शामिल हुए हैं। ये फेस्टिवल 7 दिन तक चलेगा। पीएम मोदी और मर्ज ने साथ में पतंग उड़ाई। काइट फेस्टिवल में शामिल होने के बाद पीएम अहमदाबाद के पुराने हाईकोर्ट स्टेशन से गांधीनगर के महात्मा मंदिर तक मेट्रो से यात्रा करेंगे। यहीं पर मोदी-मर्ज के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी होगी। इन कार्यक्रमों के बाद पीएम 2.30 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। पीएम मोदी का गुजरात दौरे का आज तीसरा और अंतिम दिन है।

● सांबा, राजौरी और पुंछ में LoC पर दिखे 5 ड्रोन : दावा-

## पाकिस्तान घुसपैठ की कोशिश में, सेना का काउंटर अटैक, सर्च ऑपरेशन शुरू



**जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ में पाकिस्तान से लगी सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) के पास रविवार शाम करीब 5 ड्रोन दिखाई दिए।**

न्यूज एजेंसी PTI की रिपोर्ट के मुताबिक राजौरी में नौशेरा सेक्टर में तैनात जवानों ने शाम करीब 6.35 बजे गनिया-कलसियां गांव के ऊपर ड्रोन देखा। इसके बाद मीडियम और लाइट मशीन गन से फायरिंग की।

राजौरी के तेरियाथ के खब्बर गांव में शाम 6.35 बजे एक और ड्रोन देखा गया। यह ड्रोन कलाकोट के धर्मसाल गांव की तरफ से आया और आगे भरख की ओर बढ़ गया। वहीं, सांबा के रामगढ़ सेक्टर में चक बबरल गांव के ऊपर शाम करीब 7.15 बजे ड्रोन जैसी चीज कुछ मिनट तक मंडराती दिखी। पुंछ में भी मनकोट सेक्टर में शाम 6.25 बजे तैन से टोपा की ओर ड्रोन जैसी एक और चीज जाती हुई देखी गई। फॉरवर्ड इलाकों में संदिग्ध ड्रोन की हलचल दिखने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले 9 जनवरी को सांबा में IB के पास घगवाल के पालूरा गांव में हथियार की खेप मिली थी, जिसे पाकिस्तान से आए ड्रोन ने गिराया था। इसमें 2 पिस्तौल, तीन मैगजीन, 16 राउंड और एक ग्रेनेड शामिल था।

कृषक कल्याण वर्ष-2026 का शुभारंभ

# 1101 ट्रैक्टर को दिखाई हरी झंडी

## सीएम बोले-अब खाद की जानकारी मोबाइल पर मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को जंबूरी मैदान पर कृषक कल्याण वर्ष-2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि किसानों को अब खाद के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। खाद उनको मिलने की सूचना सीधे मोबाइल पर मैसेज के जरिए मिलेगी। इससे खाद की लाइन में लगने की परेशानी से निजात मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कोदो-कुटकी को एमएसपी पर खरीदी शुरू कर दी है और सरसों को भी भावांतर योजना में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है, जो पूरे वर्ष को किसान कल्याण के लिए समर्पित कर रहा है। किसानों की आय बढ़ाना और लागत घटाना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए फसल विविधिकरण, प्राकृतिक खेती और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर किसानों के लिए 'ई-विकास वितरण' एवं 'कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान' ऐप का भी शुभारंभ किया गया।**

मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत "भगवान किसान बलराम" के जयकारे के साथ की। उन्होंने भारतीय संस्कृति को "वसुधैव कुटुम्बकम्" की विचारधारा से जोड़ा और कहा कि भारत पूरी दुनिया को परिवार मानने की परंपरा का वाहक रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष को प्रभावी बनाने के लिए 16 विभागों को एक मंच पर लाया गया है, जिनमें कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन सहित सभी संबंधित विभाग शामिल हैं। इससे किसानों को योजनाओं का समग्र और सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने सोमनाथ मंदिर पर हुए ऐतिहासिक आक्रमण का उल्लेख करते हुए कहा कि अब समय बदल चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भगवान मंदिर में मुस्कुरा रहे हैं", यह देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है।विश्व स्तर पर भारतीयों की बढ़ती स्वीकार्यता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री को "शेर" की संज्ञा देते हुए कहा कि मजबूत नेतृत्व ही देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है।




### किसानों को सरकार उद्योगपति भी बनाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश नदियों का मायका है और मां नर्मदा के आशीर्वाद से मालवा, निमाड़ और बुंदेलखंड क्षेत्र हरित क्रांति की ओर बढ़े हैं। केन-बेतवा, पार्वती-कालीसिंध और ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजनाओं से प्रदेश के 25 जिलों में 16 लाख हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त कृषि रकबा सिंचित हो जाएगा। इससे बुंदेलखंड, चंबल और निमाड़ के किसानों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य जहां खेती का रकबा 2.50 लाख हेक्टेयर बढ़ा हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को सिर्फ खेती तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि वे उद्योगपति भी बनें। सरकार डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन और एमएसएमई सेक्टर में किसानों को सब्सिडी देकर भागीदार बनाएगी। 25 गायों पर आधारित डेयरी योजना में सहायता से किसान आत्मनिर्भर बनेंगे।

### प्रदेश में फूड पार्क विकसित किए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में तीन साल में 30 लाख किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे किसानों को मुफ्त बिजली मिलेगी और वे घर, खेती व छोटे उद्योग के लिए ऊर्जा का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने ऊर्जा विभाग को इस दिशा में तेज़ी से काम करने के निर्देश दिए। फसल विविधिकरण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आलू, टमाटर और प्याज जैसी जल्दी खराब होने वाली फसलों के लिए फूड पार्क विकसित किए जाएंगे, ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके और नुकसान न हो। प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देकर फसलों की गुणवत्ता सुधारने का भी प्रयास किया जाएगा।

### डिंडौरी में श्री अन्न अनुसंसाधन केंद्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिंडौरी में श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर में सरसों अनुसंधान और उज्जैन में चना अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जा रहा हैं। इन केंद्रों के जरिए इन फसलों की गुणवत्ता और पैदावार बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाएगा। कोदो-कुटकी की एमएसपी पर खरीदी शुरू हो चुकी है और एक हजार क्विंटल तक सरकारी खरीदी की जा रही है। गेहूं की एमएसपी बढ़ाकर 2700 रुपए करने का वादा सरकार पूरा करेगी। फिलहाल 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है।

## 13 मरीजों का ICU में चल रहा इलाज, पिछले कई दिनों से 4 मरीज वेंटिलेटर पर

# इंदौर में दूषित पानी से 22वीं मौत

**इंदौर। इंदौर में दूषित पानी पीने से 22वीं मौत हो गई है। मृतका की पहचान कमला बाई, पति तुलसीराम (59) के रूप में हुई है। उसे 5-6 जनवरी से उल्टी-दस्त की शिकायत थी। हालत बिगड़ने पर 7 जनवरी को उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 9 जनवरी को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।**

मृतका का पति मजदूरी करता है। दोनों लगभग 20 दिन पहले ही जीवन की फेल से भागीरथपुरा में आकर रहने लगे थे। इस दौरान दूषित पानी पीने से कमला बाई की तबीयत बिगड़ गई। मौत के बाद परिजन ने भागीरथपुरा में नगर निगम की टीम और संबंधित केंद्र को इसकी जानकारी दी, लेकिन मृतका का आधार कार्ड जीवन की फेल का होने के कारण इस मामले को दूषित पानी से हुई मौत के रूप में दर्ज नहीं किया गया।

### 1 साल से किडनी की बीमारी से पीड़ित थी

एमवाय अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव का कहना है कि कमला बाई भागीरथपुरा के मरीजों की यूनिट में भर्ती नहीं थी। वह पंचम की फेल की निवासी थी और पिछले एक साल से किडनी की बीमारी से पीड़ित थी। मामला एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) का नहीं होने के कारण उनका पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया।

### आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हुई

दूसरी तरफ, भागीरथपुरा में अभी भी लोगों में दूषित पानी का डर बना हुआ है। लोग आरओ, बोरिंग और बोतल के पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। पानी को छानकर और उबालकर इस्तेमाल कर रहे हैं।

# स्वच्छता कीर्तिमान स्थापित करने वाला इंदौर अब शराब की खपत के मामले में भी प्रदेश में पहले पायदान पर

## शराब पीने में इंदौर ने बनाया रिकॉर्ड, प्रदेश में रहा अव्वल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं में देश भर में कीर्तिमान स्थापित करने वाला इंदौर शहर अब शराब की खपत के मामले में भी मध्य प्रदेश में पहले पायदान पर आ गया है। वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इंदौर के नागरिकों ने शराब की खरीदारी के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। इस अवधि के दौरान शहर में कुल 6.17 करोड़ लीटर शराब की बिक्री दर्ज की गई है जिसकी कुल बाजार कीमत 3731 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।**

इस भारी बिक्री से जहां एक ओर मदिरा प्रेमियों ने रिकॉर्ड बनाया है वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के राजस्व खजाने में भी बड़ी राशि जमा हुई है। आबकारी विभाग द्वारा तैयार की गई ताजा सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 के मध्य इंदौर जिले में कुल 6 करोड़ 17 लाख 22 हजार 561 लीटर मदिरा की खपत हुई है। यदि इसकी तुलना पिछले वर्ष से की जाए तो वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 6 करोड़ 14 लाख 67 हजार 738 लीटर दर्ज किया



गया था। इस प्रकार बीते एक वर्ष में शराब की कुल बिक्री में 2 लाख 54 हजार 823 लीटर का इजाफा हुआ है। विभाग ने इस आंकड़े में देसी मदिरा, विदेशी मदिरा और बियर की सभी श्रेणियों को शामिल किया है। भले ही पिछले एक साल में वृद्धि का प्रतिशत महज 0.41 रहा हो लेकिन पिछले चार वर्षों के तुलनात्मक आंकड़े बेहद हैरान करने वाले हैं। वर्ष 2021 के दौरान शहर में शराब की कुल बिक्री केवल 3.55 लाख लीटर के करीब थी जो वर्ष 2025 तक आते-आते 6.17 करोड़ लीटर तक पहुंच गई है। चार वर्षों के इस अंतराल में शराब की मांग में लगभग 73.5 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी गई है जो शहर की बदलती जीवनशैली और बढ़ती आबादी की ओर संकेत करती है। एक दिलचस्प रुझान यह भी सामने आया है कि इंदौर में अब देसी शराब के शौकीन कम हो रहे हैं। वर्ष 2025 में देसी शराब की बिक्री 1.48 करोड़ लीटर रही है जबकि वर्ष 2024 में यह 2.08 करोड़ लीटर थी। एक साल के भीतर ही इसकी बिक्री में 60 लाख लीटर की कमी आई है जो लगभग 29 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। यह पिछले चार वर्षों का सबसे न्यूनतम स्तर है जिससे यह स्पष्ट होता है कि उपभोक्ताओं का रुझान अब अन्य श्रेणियों की ओर बढ़ रहा है। देसी मदिरा के विपरीत विदेशी शराब और बियर की मांग में जोरदार तेजी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में 1.39 करोड़ लीटर विदेशी शराब और सर्वाधिक 3.30 करोड़ लीटर बियर की खपत हुई है। पिछले साल की तुलना में विदेशी शराब की बिक्री में 8 प्रतिशत और बियर की बिक्री में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बियर की मांग में 52.25 लाख लीटर का बड़ा उछाल आया है जो युवाओं और शहरी आबादी के बीच इसकी बढ़ती पसंद को दर्शाता है। सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी के अनुसार वर्ष 2025 में मदिरा की खपत से सरकार को बड़े स्तर पर राजस्व प्राप्त हुआ है। केवल अप्रैल से दिसंबर के नौ महीनों के भीतर ही विभाग ने 1408 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया है। राजस्व प्राप्ति के साथ-साथ विभाग ने अवैध शराब के कारोबार पर भी नकेल कसी है। इस दौरान अनियमितताओं के खिलाफ कुल 9,989 प्रकरण दर्ज किए गए हैं और लगभग 59,620 लीटर अवैध शराब जब्त कर कड़ी कार्रवाई की गई है।

### 173 दुकानें, 149 बार-होटल-रेस्टोरेंट और क्लब को अनुमति

इंदौर जिले में वर्तमान में शराब की कुल 173 अधिकृत दुकानें संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न हिस्सों में 149 बार, रेस्टोरेंट, होटल और क्लब मौजूद हैं जहां मदिरा परोसने की वैधानिक अनुमति है। सैन्य और अर्धसैनिक बलों की कैंटीन को मिलाकर जिले में कुल 325 चिन्हित स्थानों से शराब की आपूर्ति की जा रही है। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से करोड़ों लीटर शराब की निकासी सुनिश्चित हुई है।

'हिंदू सम्मेलन'

## कीर्तिश धामारीकर ने कहा- हिंदू राष्ट्र का विचार संघ की आत्मा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इंदौर के श्रीनगर बस्ती में आयोजित 'हिंदू सम्मेलन' में संघ प्रवक्ता कीर्तिश धामारीकर शास्त्री ने कहा कि हिंदू राष्ट्र का विचार संघ की आत्मा है। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरण का संदेश दिया गया। सम्मेलन में नन्हे-मुन्ने बच्चों और मातृ शक्तियों ने सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में मातृ शक्ति संत अनादी सरस्वती ने अपने उद्बोधन में समाज को जागृत होने का आह्वान किया और बच्चों में सुसंस्कृत राष्ट्रभक्ति के विकास पर जोर दिया। लेखिका एवं शिक्षिका अमिता झा ने कुटुंब प्रबोधन और पंच परिवर्तन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता एवं संघ के प्रवक्ता कीर्तिश धामारीकर शास्त्री ने अपने संबोधन में संघ के 100 वर्षों के इतिहास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र का विचार संघ की आत्मा है। हर वह व्यक्ति जो भारत के धार्मिक स्थलों, महापुरुषों, नदियों, गौ माता और इस देश को मां के रूप में पूजता है, वह हिंदू है, भले ही उसकी पूजा पद्धति या स्वरूप कुछ भी क्यों न हो। उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ की स्थापना किन परिस्थितियों में और किस उद्देश्य से हुई। उन्होंने कहा कि वर्ष 1920 के आसपास कांग्रेस में दो धाराएं उभरकर सामने आई थीं। नरम दल और गरम दल। अधिकांश कांग्रेसी नरम दल के पक्ष में थे, जबकि आम जनता गरम दल की विचारधारा का हृदय से समर्थन कर रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के पूजन एवं आरती के साथ हुई। वंदे मातरम् से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और जन-गण-मन के साथ समापन हुआ। सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 35 लाख लोगों ने शुरू किए हिंदी में हस्ताक्षर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर का मातृभाषा उन्नयन संस्थान हिंदी में हस्ताक्षर बदलो अभियान चला रहा है। इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन ने देश भर में एक नई भाषाई क्रांति का सूत्रपात किया है। इंदौर की पावन धरा से शुरू हुए इस प्रयास ने अब तक पैंतीस लाख से अधिक लोगों को अंग्रेजी या अन्य लिपियों का त्याग कर देवनागरी लिपि में हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया है। यह आंदोलन न केवल हिंदी भाषा के प्रति अनुराग बढ़ाने का कार्य कर रहा है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक अस्मिता को भी सुदृढ़ कर रहा है।

संस्थान के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन अविचल ने इस अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हस्ताक्षर किसी भी व्यक्ति की मौलिक पहचान होते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अंग्रेजी में हस्ताक्षर करना औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक है, जबकि देवनागरी लिपि में हस्ताक्षर करना हमारी अपनी संस्कृति और मातृभाषा के प्रति अटूट सम्मान का प्रदर्शन है। डॉ. जैन के अनुसार, यह मुहिम हिंदी को राजभाषा के औपचारिक दायरे से निकालकर राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने का एक गंभीर स्वप्न है।

इस गौरवशाली अभियान की शुरुआत साल 2017 में मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा की गई थी। प्रख्यात भाषाविद और वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय डॉ. वेदप्रताप वैदिक के संरक्षण में इस पहल ने व्यापक सफलता प्राप्त की है। वर्तमान में देश भर के पंद्रह हजार से अधिक हिंदी योद्धा इस जनजागरण कार्य में समर्पित भाव से जुटे हुए हैं। यह कार्यकर्ता विभिन्न शहरों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में जाकर लोगों को अपनी भाषा के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उन्हें हस्ताक्षर बदलने का संकल्प दिला रहे हैं।

# भागीरथपुरा में 20 किलोमीटर लाइन बदलेगी, फिर मिलेगा साफ पानी


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पुलिस चौकी के शौचालय को तोड़कर मुख्य लीकेज को ठीक करने का दावा करने वाले नगर निगम के अफसर अभी भी भागीरथपुरा बस्ती को साफ पानी नहीं दे पाए हैं। दरअसल बस्ती की ज्यादातर लाइनें बरसों पुरानी होने के कारण जर्जर हो चुकी हैं और उनमें गंदे पानी का रिसाव होता है। पूरी बस्ती की 20 किलोमीटर नर्मदा लाइन बदलने का काम दो माह में होगा। फिलहाल मुख्य मार्ग पर लाइन बिछाई गई है, लेकिन टेस्टिंग के दौरान वह भी कुछ जगहों से फूट गई। बस्ती के एक हिस्से में दो-तीन दिनों में सप्लाई हो जाएगी। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय खुद स्वीकार कर चुके हैं कि बस्ती में नई लाइन बिछाने के प्रस्ताव मंजूरी के लिए नगर निगम भेजे जा चुके थे, लेकिन काम शुरू करने में देरी हुई। नतीजा यह हुआ कि बस्ती में डायरिया और हैजा फैला और 21 लोगों की मौत हो गई। दूषित पानी से हुई मौतों की चर्चा देशभर में हुई।**



टैंकरों से हो रही सप्लाई नर्मदा लाइन से नगर निगम कई बार सैंपल ले चुका है। दूषित पानी सप्लाई होने के कारण अफसर रहवासियों को टैंकरों का पानी इस्तेमाल करने के लिए कह रहे हैं। 60 से ज्यादा टैंकर बस्ती में पानी बांट रहे हैं। जिन गलियों में टैंकर नहीं जा पा रहे हैं, उन्हें जलसंकट झेलना पड़ रहा है। बस्ती में 110 सार्वजनिक बोरिंग हैं, लेकिन उनका पानी भी शुद्ध नहीं है। बस्ती के समीप ही नाला है। नाले में फैक्टरियों का पानी भी आता है। इस कारण भूजल स्तर भी प्रदूषित हो चुका है। अफसरों का कहना है कि पूरी बस्ती की लाइन बदलने में दो से तीन माह का समय लगेगा। इस कारण बस्ती में कई मार्गों पर खुदाई का काम चल रहा है। आपको बता दें कि भागीरथपुरा बस्ती में दूषित पानी पीने से 19 लोगों की मौत हो चुकी है और डेढ़ हजार से ज्यादा लोग बीमार हुए हैं। डायरिया और हैजे की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है।





# भागीरथपुरा कांड के खिलाफ सड़कों पर कांग्रेस, यात्रा निकाल पीड़ितों के लिए मांगा न्याय

## ● कांग्रेस ने इंदौर में न्याय यात्रा निकाल कर भागीरथपुरा के पड़ितों के परिजनों को एक करोड़ की राहत राशि, घटना के जिम्मेदारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में जहां दूषित पानी से लोगों की मौत होने का सिलसिला जारी है, वहीं कांग्रेस भी अब इस मामले को लेकर सड़क पर आ चुकी है. कांग्रेस ने आज रविवार को इंदौर में न्याय यात्रा निकाल कर भागीरथपुरा के पड़ितों के परिजनों को एक करोड़ की राहत राशि, हर परिजन को रोजगार और घटना के जिम्मेदारों पर एफआईआर की मांग की. वहीं कांग्रेस ने इस मामले में वाटर ऑडिट करने का ऐलान किया है. साथ ही साफ पानी मिलने की शर्त पर ही लोगों को टैक्स देने की नसीहत दी है.**

### बड़ा गणपति चौराहा से शुरू होकर राजवाड़ा पर संपन्न हुई कांग्रेस की न्याय यात्रा

दरअसल भागीरथपुरा में जहरीले पानी के सप्लाई से हुई 21 लोगों की मौत के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा रविवार को इंदौर में न्याय यात्रा का आयोजन किया गया. यह यात्रा बड़ा गणपति चौराहा से शुरू होकर राजवाड़ा पर संपन्न हुई. यात्रा के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, इंदौर के निकम्मे महापौर के कारण शहर की ब्रांड इमेज पर पानी फिर गया. 21 मौत के बाद भी ना तो मुख्यमंत्री के चेहरे पर शिकन आएगी ना किसी पर एफआईआर होगी.

ये लोग भागीरथपुरा जैसे कांड में लोगों की हत्या करते रहे और धर्म के नाम पर वोट लेते रहे. प्रदेश आज कर्जदार है... किसान परेशान है, पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार में डूबी हुई है. तो दोषी कौन है जो 20 साल से सत्ता में है. पटवारी ने कहा इंदौर के मामले में कांग्रेस वाटर ऑडिट कराएगी और प्रदेश में जल, जंगल जमीन के लिए सड़कों पर उतरेगी. उन्होंने कहा भागीरथपुरा कांड से राहुल गांधी भी वाकिफ हैं और वह जल्द ही इस मामले को लेकर इंदौर आएंगे.

### भाजपा को बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता है लेकिन भागीरथपुरा में जो हिंदू मारे गए उनकी कोई परवाह नहीं

वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, भाजपा के नेताओं को बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता है लेकिन भागीरथपुरा में जो हिंदू दूषित जल से मारे गए उनकी कोई परवाह नहीं है. उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा, आपके पीने के पानी के साथ मल जा रहा है. इसलिए पानी की सबसे पहले जांच करें और नगर निगम से पूछें कि ऐसा क्यों है? इसलिए जब तक कोई टैक्स मत दो जब तक आपको शुद्ध जल नहीं मिल जाता है.

न्याय यात्रा में राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के अलावा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पूर्व सांसद कांतिलाल भरिया सज्जन वर्मा चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे के अलावा प्रदेश प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्य सभा सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तनखा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन यादव, इंदौर संभाग की कांग्रेस की प्रभारी सचिव उषा नायडू, इंदौर के प्रदेश कांग्रेस के द्वारा नियुक्त प्रभारी संजीव सक्सेना, अमित चौरसिया समेत सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए.

इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने बताया, यह यात्रा पूरी तरह से मौन यात्रा के रूप में निकाली गई, जिसमें बड़े गणपति चौराहा से पैदल चलते हुए तमाम पार्टी नेता और कार्यकर्ता राजवाड़ा पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा तक पहुंचे.

# मल्हारगंज में भी मेट्रो स्टेशन का विरोध बढ़ा, धरने पर बैठे रहवासी और व्यापारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में मेट्रो का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। रीगल तिराहे पर और मल्हारगंज में मेट्रो स्टेशन का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। रीगल तिराहे पर रानी सराय पर पिछले 10 दिन से लोग धरने पर बैठे हुए हैं वहीं अब मल्हारगंज में धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है।**




रीगल पर जनहित पार्टी और पर्यावरणप्रेमी मंच के द्वारा धरना दिया जा रहा है और मल्हारगंज में रहवासी संघ मेट्रो स्टेशन का विरोध कर रहा है। अभी यहां प्रतीकात्मक रूप से एक से दो घंटे का धरना दिया जा रहा है। पिछले दिनों भी यहां पर दो बार बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं। रहवासी मेट्रो के अधिकारियों का पुतला भी जला चुके हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि यहां पर घरों में बिना तोड़फोड़ के स्टेशन का काम होगा लेकिन रहवासी अब खुलकर मेट्रो स्टेशन के विरोध में आ गए हैं। यहां के व्यापारी शेखर गिरी ने कहा कि इंदौर में प्राचीन विरासत और संस्कृति वाला शहर है। राजबाड़ा से लेकर बड़ा गणपति तक हमारी कई धरोहरें मौजूद हैं। इस पूरे क्षेत्र में मेट्रो की वजह से हो रही उथल पुथल विनाश ले आएगी। हमारा स्पष्ट मानना है कि मेट्रो को शहर के बाहरी हिस्से में चलाना चाहिए। यदि मेट्रो मध्य इंदौर में से निकलेगी तो बहुत तोड़फोड़ होगी और कई लोगों को नुकसान होगा। शेखर गिरी ने कहा कि यहां पर रहवासियों ने कई बगीचे तैयार किए हैं, कई साल की मेहनत से पौधों को बड़ा करके पेड़ बनाया है। यह सब उजड़ जाएगा। लोगों के घर, दुकानें टूटेंगे और भविष्य में इन सब चीजों का क्या नुकसान होगा यह अभी से आंकलन करना भी मुश्किल है। गौरतलब है कि इंदौर में मेट्रो के अंडरग्राउंड हिस्से का काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है और दो जगह उसके स्टेशनों का विरोध शुरू हो गया है। मेट्रो ट्रेन के लिए एक स्टेशन मल्हारगंज में बनना है। इसके लिए 12 से ज्यादा मकान बाधक बने हुए हैं। यहां पर रहवासियों ने आज दुकानें बंद रखी और घर घर में बैनर पोस्टर लगाए। इन पर लिखा है कि रहवासी संघ मेट्रो स्टेशन का विरोध करता है। इससे पहले हुए विरोध प्रदर्शन में भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन और कांग्रेस नेता कृपाशंकर शुक्ला भी मौजूद रहे थे।

# नकली पान मसाला फैक्ट्री पकड़ाई

## मकान में चलता मिला अवैध कारोबार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**ईंदौर**। कनाडिया में पुलिस ने कारवाई करते हुए नकली पान मसाले की फैक्ट्री पकड़ी है। आरोपी यहां पर एक कंपनी का नकली पान मसाला बना रहे थे। पुलिस ने यहां से पैकिंग मशीन और पान मसाला बनाने वाला सामान जब्त किया है। कनाड़िया टीआई सहर्ष यादव की टीम ने सहारा सिटी के एक मकान में रविवार को छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने यहां से अक्षत पिता प्रमोद शर्मा निवासी स्नेह नगर जूनी इंदौर, जावेद पिता अयूब कुरैशी निवासी सनावद खरगोन और अरुण पिता पूरनमल निवासी रोशन पार्क पालघर मुंबई को पकड़ा है। आरोपियों से करीब 5 लाख का माल जब्त किया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक आरोपी हूबहू विमल कंपनी का पान मसाला यहां पर बनाते थे। मकान से पुलिस ने तीन मशीनें, पान मसाले का कच्चा सामान और अन्य चीजें जब्त की है। पुलिस आरोपियों से अभी पूछताछ कर रही है। उनके पुराने रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

# गूंजा हिन्दू एकता का शंखनाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर निपानिया क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों में आयोजित हिन्दू सम्मेलनों में हिन्दू एकता, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति का सशक्त एवं प्रेरक स्वरूप देखने को मिला।**

तुलसी नगर, महालक्ष्मी नगर व् साईं कृपा कॉलोनी बस्तियों में आयोजित हिन्दू सम्मेलनों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, वेद मंत्रोच्चार और बौद्धिक सत्रों के माध्यम से सनातन संस्कृति व राष्ट्रभक्ति का भव्य प्रदर्शन किया गया।

तुलसी नगर स्थित सरस्वती मंदिर परिसर में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समूचे वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रमों के दौरान किसी ने महिषासुर मर्दिनी के श्लोकों का सस्वर पाठ किया तो किसी ने वेद मंत्रों के उच्चारण से आध्यात्मिक चेतना का संचार किया।

## चाइनीज मांझे से गला कटा, बाइक सवार की मौत

**इंदौर।** चाइनीज मांझे से बाइक सवार युवक का गला कट गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसा कनाड़िया और तिलक नगर के बीच रविवार शाम करीब साढ़े 5 बजे हुआ। मृतक की पहचान रघुवीर धाकड़ के रूप में हुई है, जो बिचौली मर्दाना स्थित ओम साई विहार कॉलोनी का निवासी था। परिजन के मुताबिक, रघुवीर टाइल्स के काम की ठेकेदारी करता था। रविवार को छुट्टी होने के बावजूद बाइक से एक साइट देखने गया था। घर लौटते वक्त रास्ते में चाइनीज मांजे की चपेट में आ गया। राहगीरों ने उसके मोबाइल से परिवार को सूचना दी। रघुवीर का साहिल नाम का बेटा है, जो पढ़ाई करता है।

### आज से संकल्प से समाधान अभियान की शुरुआत

# सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गांव-वार्ड में बनेंगी टीमें

**भोपाल। प्रदेश के नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सीधे और समयबद्ध तरीके से दिलाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार 12 जनवरी (युवा दिवस) से 'संकल्प से समाधान' अभियान शुरू करने जा रही है।**

यह प्रदेशव्यापी अभियान 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में चलेगा, जिसमें ग्राम पंचायत, वार्ड, ब्लॉक, जोन और जिला स्तर तक शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। अभियान की पूरी प्रक्रिया सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित होगी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सरकार ने 'संकल्प से समाधान' अभियान के लिए सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अलग मॉड्यूल तैयार



किया है। इसमें अधिकारी और नागरिक दोनों के लिए लॉगिन की सुविधा होगी। नागरिक चाहें तो शिविर से पहले ही पोर्टल पर आवेदन दर्ज कर पंजीयन कर सकेंगे। शिविरों में प्राप्त और ऑनलाइन दर्ज सभी आवेदनों का अनिवार्य निराकरण 31 मार्च तक किया जाएगा।

इस अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पूरी कार्रवाई सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के जरिए होगी। इसके लिए पोर्टल पर अलग मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसमें अधिकारी और नागरिक दोनों लॉगिन कर सकेंगे। आवेदन, शिकायत, निराकरण और निगरानी, सब कुछ ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकेगा।

#### ● चार चरणों में चलेगा अभियान

#### पहला चरण: 12 जनवरी से 15 फरवरी

इस चरण में ग्राम पंचायत और नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन और शिकायतें एकत्र की जाएंगी। वार्ड स्तरीय समितियां बनाई जाएंगी और नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे। टीम घर-घर जाकर और शिविर लगाकर आवेदन लेगी, जिन्हें पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

#### दूसरा चरण: 16 फरवरी से 16 मार्च

ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल और शहरी क्षेत्रों में जोन लेवल पर शिविर लगाए जाएंगे। तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ और जोनल अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे। यहां मौके पर ही आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

#### तीसरा चरण: 16 मार्च से 26 मार्च

ब्लॉक और नगर स्तर पर शिविर होंगे। क्लस्टर और जोन स्तर पर लंबित आवेदनों के साथ नए आवेदनों का भी समाधान किया जाएगा।

#### चौथा चरण: 26 मार्च से 31 मार्च

जिला स्तर पर अंतिम शिविर लगेंगे। प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरित किया जाएगा। 31 मार्च तक सभी आवेदनों का निराकरण अनिवार्य होगा।

#### नागरिक खुद भी कर सकेंगे आवेदन

नागरिक शिविर से पहले ही पोर्टल पर आवेदन दर्ज कर पंजीयन कर सकेंगे। अपनी सुविधा के अनुसार शिविर का चयन भी ऑनलाइन किया जा सकेगा। शिविर में मिले और ऑनलाइन दर्ज सभी आवेदनों पर मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## लावारिस मिठाई खाने से PHE गार्ड की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** छिंदवाड़ा जिले में फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। पीएचई विभाग के पास स्थित एक होटल में लावारिस हालत में पड़ी मिठाई खाने से पीएचई विभाग में पदस्थ एक गार्ड की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि मिठाई खाने वाले दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जुन्नारदेव थाना पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को पीएचई विभाग के पास स्थित एक होटल में किसी ने मिठाई से भरी एक थैली छोड़ दी। काफी देर तक जब कोई थैली लेने नहीं आया और न ही किसी ने उस पर दावा किया तो होटल में मौजूद लोगों ने उस थैली से मिठाई निकालकर खा ली। बताया जा रहा है कि तीन से चार लोगों ने वह मिठाई खाई थी। उसे खाने के कुछ ही समय बाद सभी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। शनिवार को हालत गंभीर होने पर सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार दोपहर करीब 12 बजे पीएचई विभाग में पदस्थ गार्ड की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य दो पीड़ितों का इलाज अभी चल रहा है। बीमार परिवार के मुखिया मुकेश कचोरिया ने बताया कि मिठाई होटल तक कैसे पहुंची और पूरा घटनाक्रम किस तरह हुआ, इसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

## आग लगाने वाली महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** देवास जिले के सतवास में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान खुद को आग लगाने वाली जयश्री व्यास ने रविवार को दम तोड़ दिया। वह 18 दिनों से इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं। घटना 24 दिसंबर 2025 की है, जब जयश्री और उनके पति संतोष व्यास ने प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। संतोष व्यास को एक दिन पहले ही अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। सतवास बस स्टैंड पर संतोष व्यास की स्टेशनरी और फोटोकॉपी की दुकान है। इसके अलावा उनका एक मकान कॉलोनी में निर्माणाधीन था, जिसे लेकर अतिक्रमण की शिकायत प्रशासन को मिली थी। शिकायत के बाद 24 दिसंबर को तहसीलदार अरविंद दिवाकर जेसीबी मशीन लेकर निर्माण हटाने पहुंचे थे। इसी दौरान संतोष और उनकी पत्नी जयश्री की तहसीलदार से बहस हो गई।

## 12 इंच लंबी चोटी उखाड़ दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** ब्राह्मण हूं और तुम यादव हो। तुम्हें चोटी रखने का कोई अधिकार नहीं... कहते हुए उसने मेरी 12 इंच लंबी चोटी उखाड़ दी। ये आरोप रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में रहने वाले रोहित यादव ने एक ब्राह्मण युवक पर लगाए हैं। उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रोहित ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि दीपक पांडेय ने उसे पीटा, गालियां दीं और सात साल से रखी हुई चोटी भी उखाड़ दी। साथ ही कहा कि आज चोटी रखोगे, कल कथा करने जाओगे। रोहित का यह भी आरोप है कि उसने पुलिस को चोटी दिखाई तो मुंशी ने कहा- इसे डस्टबिन में डाल दो। पीड़ित रोहित ने बताया कि उसने यह चोटी सनातन धर्म और हनुमान जी की उपासना के कारण रखी थी। चोटी उखाड़ने की घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। सरपंच ने इसे शर्मसार कर देने वाली घटना बताया है।

# कृषक कल्याण वर्ष में किसानों का करेंगे समग्र कल्याण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य, जहां किसान कल्याण के लिए सालभर चलेंगी गतिविधियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के किसानों के लिए वर्ष 2026 नई उम्मीदों और नए अवसरों का वर्ष होगा। किसान हमारे अन्नदाता हैं, जो अपने परिश्रम से देश और समाज का उदर-पोषण करते हैं। किसानों को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी समृद्धि सुनिश्चित करना ही सरकार का एकमात्र ध्येय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन में वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाने की अधिकृत घोषणा की।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई, भंडारण और बाजार




तक बेहतर पहुंच के माध्यम से खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि केवल आजीविका का एक साधन ही नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन के दौरान ई-विकास, वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति सामधान प्रणाली (विकास पोर्टल) का शुभारंभ किया। कृषक कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की आमदनी बढ़ाने सहित इनकी बेहतरी और खुशहाली के लिए किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। किसान सम्मेलन में सरकार की विभिन्न योजनाओं, नवाचारों और भावी कार्ययोजना की जानकारी भी किसानों को दी गई।

#### पूरा साल किसानों के कल्याण के लिए समर्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने पूरा साल किसानों के कल्याण के लिए समर्पित किया है। हमारी सरकार खेतों से निकलने वाली पराली से भी किसानों आय बढ़ाने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर्ष व्यक्तकरते हुए कहा कि हमारा मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बीते सालों के प्रयासों से खेती का रकबा ढाई लाख हेक्टेयर तक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी लिंक एवं केन-बेतवा नदी लिंक राष्ट्रीय परियोजना सहित ताप्ती ग्राउंड वाटर रिचार्ज मेगा परियोजना से प्रदेश के 25 जिलों में 16 लाख हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त कृषि रकबा सिंचित हो जाएगा।

## 90 साल के पिता की हत्या, तीसरी पत्नी के बेटे ने ली जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** शहर से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां संपत्ति के विवाद में एक पुत्र ने अपने ही वृद्ध पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पिता की संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला बिछिया थाना क्षेत्र का है।

यह घटना रीवा शहर के बिछिया थाना अंतर्गत शिल्परा इलाके की है। मृतक की पहचान 90 वर्षीय राम रतन वर्मा के रूप में हुई है, जो पेशे से रिटायर्ड पटवारी थे। बताया जा रहा है कि राम रतन वर्मा की तीन पत्नियां थीं और वे सभी एक ही परिसर में रहती थीं, हालांकि उनके दरवाजे और आंगन अलग-अलग थे। शुक्रवार देर रात परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान तीसरी पत्नी के पुत्र महेंद्र वर्मा ने अपने पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान वृद्ध पिता ने आरोपी को अपना पुत्र मानने से इनकार कर दिया था, जिससे आक्रोशित होकर पुत्र ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल राम रतन वर्मा को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई।

## राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के नाम पर साइबर ठगी से रहे सावधान

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षार्थियों के अभिभावकों से साइबर ठगों द्वारा ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। ठगों द्वारा स्वयं को बोर्ड से संबंधित बताकर परीक्षार्थियों को पास कराने के नाम पर धनराशि मांगी जा रही है। धोखाधड़ी की जा रही है। इधर, मामला सामने आने के बाद राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए 0755-2671066 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि जिन नामों से फोन कॉल किए जा रहे हैं, उस नाम का कोई भी व्यक्ति राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड में कार्यरत नहीं है। इस प्रकार से किसी को पास कराना पूर्णतः असंभव है। परीक्षार्थियों का परिणाम केवल उत्तर पुस्तिकाओं में लिखे गए उत्तरों के मूल्यांकन के आधार पर ही घोषित किया जाता है।

## संपादकीय

# अय्यर के बोल: 'हिंदुत्व' बनाम 'हिंदू धर्म' की नई जंग

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने फिर से एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'हिंदुत्व' असल में 'डर में जी रहा हिंदू धर्म' है। इस बयान पर सत्ताधारी बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कोलकाता डिबेटिंग सर्कल में 'हिंदुत्व से हिंदू धर्म को बचाना चाहिए' विषय पर हुई बहस के दौरान अय्यर ने कहा कि हिंदुत्व का मतलब है कि बीजेपी का कोई नेता एक अंधे, भूखे आदिवासी लड़की को इसलिए थप्पड़ मारे क्योंकि वह चर्च में क्रिसमस लंच में शामिल हुई थी। अय्यर ने यह भी कहा कि हिंदुत्व 80% हिंदुओं को 14% मुसलमानों से डरने को कहता है। अय्यर ने कहा, 'हिंदुत्व डर में जी रहा हिंदू धर्म है। यह 80% हिंदुओं से कहता है कि वे 14% मुसलमानों से कांपें। हिंदुत्व का मतलब है कि बीजेपी का कोई नेता एक अंधे, भूखे आदिवासी लड़की को इसलिए थप्पड़ मारे क्योंकि वह चर्च में क्रिसमस लंच में शामिल हुई थी। हिंदुत्व वाले शॉपिंग मॉल में घुसकर क्रिसमस की सजावट फाड़ देते हैं।' उन्होंने वी.डी. सावरकर का भी जिक्र किया और कहा कि हिंदुत्व के विचारक सावरकर बौद्ध धर्म को हिंदुओं के लिए एक बड़ा खतरा मानते थे। अय्यर ने कहा, 'सावरकर ने बौद्ध धर्म को हिंदुत्व का अंतिम खंडन बताया था, जिसमें सार्वभौमिकता और अहिंसा का नशा भरा है। उन्होंने कहा था कि यह राष्ट्रीय पौरुष और यहां तक कि हिंदू जाति के अस्तित्व के लिए भी विनाशकारी है।' अय्यर ने हिंदू धर्म और हिंदुत्व के बीच अंतर बताते हुए कहा कि हिंदू धर्म एक महान आध्यात्मिक धर्म है, जबकि हिंदुत्व एक राजनीतिक एजेंडा है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू धर्म ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, फिर भी उसे हिंदुत्व की सुरक्षा की जरूरत के बिना जीवित रहने और फलने-फूलने में कामयाबी मिली है। अय्यर के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने कहा, 'हिंदू धर्म एक महान आध्यात्मिक धर्म है। हिंदुत्व एक राजनीतिक चर्चा है। हिंदुत्व तो 1923 में आया। हिंदुत्व से हजारों साल पहले, हिंदू धर्म ने कई मुश्किलों का सामना किया और फिर भी वह जीवित रहा, फलता-फूलता रहा, उसे हिंदुत्व की सुरक्षा की कोई जरूरत नहीं पड़ी... गांधीजी और स्वामी विवेकानंद वाले हिंदू धर्म को सावरकर के हिंदुत्व से बचाने या बढ़ावा देने का कोई तरीका नहीं है।' इसी कार्यक्रम में बोलते हुए, राज्यसभा सदस्य और बीजेपी नेता सुधांशुत्रिवेदी ने कहा कि हिंदुत्व का मतलब 'हिंदू तत्व' है, जो हिंदू धर्म का मूल सार है। उन्होंने आगे तर्क दिया कि हिंदू धर्म सभी धर्मों में अनोखा है क्योंकि यह अपने अनुयायियों को धार्मिक ग्रंथों पर भी बहस करने की आजादी देता है। त्रिवेदी ने कहा, 'कौन सी संस्कृति आपको अपने धार्मिक ग्रंथों पर भी बहस करने की आजादी देती है? यह सिर्फ हिंदू धर्म है... मैं पूछना चाहूंगा कि 'हिंदू धर्म' क्यों? भारत में उत्पन्न हुए सभी धर्मों के साथ 'इज्म' क्यों जुड़ा है? हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म और जैन धर्म। आपने कभी 'इस्लामइज्म' और 'क्रिश्चियनिज्म' नहीं सुना होगा... 'इज्म' की दुनिया सिर्फ नीचा दिखाने के लिए जोड़ी जाती है, और हिंदुत्व क्या है, 'हिंदू तत्व'। हिंदू धर्म की बुनियादी सुरक्षा 'हिंदू तत्व' है... एक और बात जो मैं कहना चाहूंगा, जब आप हिंदू धर्म को संजोते हैं, तो उसे हिंदुत्व कहा जाता है।' अय्यर के बयान पर पलटवार करते हुए, बीजेपी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, 'एक बार फिर कांग्रेस हिंदुओं के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है। वे चाहते हैं कि एक हिंदू दूसरे हिंदू के खिलाफ खड़ा हो। इससे कांग्रेस को फायदा होता है जिसका एकमात्र ध्यान है - 'वोट बैंक को मजबूत करो: अल्पसंख्यकों को एकजुट करो, हिंदू बहुमत को बांटो'।'

## सैर सपाटा

# इन शानदार वॉटरफॉल पर एंट्री है फ्री फैमिली संग बनाएं पिकनिक का प्लान



उत्तर प्रदेश अपनी ऐतिहासिक इमारतों, विश्व धरोहरों, धार्मिक स्थलों और दुनिया के सातवें अजूबे के लिए फेमस है। लेकिन यूपी सिर्फ धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के लिए नहीं बल्कि अपनी छुपी हुई प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यूपी में कई खूबसूरत झरने भी मौजूद हैं, जिनको एक्सप्लोर करके आपके मन और शरीर को फिर से तरोताजा कर देगी। ऐसे में अगर आप भी यूपी की खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।बता दें कि उत्तर प्रदेश के यह झरने न सिर्फ प्रकृति की खूबसूरती को निहारने का मौका देते हैं, बल्कि आपको मानसिक सुकून भी पहुंचाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तर प्रदेश के 5 फेमस और खूबसूरत वॉटरफॉल के बारे में बताने जा रहे हैं।

### ● राजदारी और देवदारी वॉटरफॉल

चंदौली जिले के रॉबर्ट्सगंज के पास दो बेहद खूबसूरत जदारी और देवदारी वॉटरफॉल है। कैमूर की पहाड़ियों के बीच स्थित यह दोनों जुड़वा झरने बेहद मनोरम हैं। यहां पर ऊंचाई से गिरता पानी, शांत वातावरण और हरियाली इस जगह को एक परफेक्ट पिकनिक स्पॉट बनाते हैं। जुलाई से लेकर अक्तूबर तक आप यहां पर आ सकते हैं। काशी रेलवे स्टेशन से राजदारी वॉटरफॉल 65 किमी दूर है। यहां पर सभी के लिए प्रवेश निशुल्क है। आप बस, ट्रेन, कार या टैक्सी के जरिए यहां पर आ सकते हैं। इसके अलावा जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। राजदारी के पास देवदारी वॉटरफॉल है। आप यहां पर सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे तक घूम सकते हैं। वहीं यहां पर स्टे के लिए रिसॉर्ट भी है, जहां पर पर्यटक रुक सकते हैं। राजदारी की तरह देवदारी वॉटरफॉल में भी एंट्री फ्री है।

### ● लखनिया दरी वॉटरफॉल

बनारस के करीब 55 किमी दूर विंध्याचल पर्वतमाला में लखनिया वॉटरफॉल है। यहां पर एंट्री के लिए आपको 50 रुपए देने होंगे। यह झरना सुरम्य जंगल के बीच मौजूद है। मानसून में यह झरना बेहद खूबसूरत नजर आता है। आप यहां पर पहुंचकर प्रकृति की आवाजें जैसे पानी की गर्जना, पक्षियों की चहचहाहट और पत्तों की सरसराहट सुन सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर ट्रेकिंग और फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।





### ● सोनभद्र वॉटरफॉल

बनाकरस मंडल में मौजूद सोनभद्र जिला बेहद खूबसूरत है। यहां ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक जगहों के खूबसूरत नजारों का आनंद ले सकते हैं। सोनभद्र में रिहंद नदी पर 35-40 फीट ऊंचा सोनभद्र वॉटरफॉल है। मानसून में सोनभद्र की प्राकृतिक सुंदरता देखते रह जाएंगे।

### ● तुगलपुर वॉटरफॉल

उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में ललितपुर जिले में बेहद खूबसूरत तुगलपुर झरना है। कम भीड़भाड़ वाला यह वॉटरफॉल ट्रैकिंग और कैंपिंग प्रेमियों के लिए शानदार डेस्टिनेशन है। गर्मियों में यहां की ठंडी फुहारें आपको सुकून देती हैं। अब तक बहुत कम लोगों को भी इस वॉटरफॉल के बारे में पता है। आपको यहां की शांति और सुंदरता आपको पसंद आएगी।

Maharashtra

# मैं तुम्हें लात मारूंगा, यूपी और बिहार के लोगों को राज ठाकरे की चेतावनी

**मुंबई, (एजेंसी)** एमएनएस यानी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश और बिहार का मुद्दा छेड़ दिया है। उन्होंने हिंदी भाषा को लेकर चेतावनी दी है कि वह अन्य राज्यों से आने वाले अप्रवासियों को 'लात मारकर' बाहर कर देंगे। रविवार को राज ने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के साथ मिलकर रैली की। बृह्नमुंबई महानगरपालिका चुनाव के लिए 15 जनवरी को मतदान होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राज ने कहा, 'यूपी और बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हिंदी आपकी भाषा नहीं है। मुझे भाषा से नफरत नहीं है, लेकिन अगर



आप इसे थोपने की कोशिश करेंगे, तो मैं आपको लात मारकर बाहर कर दूंगा।' उन्होंने कहा, 'वो हर तरफ से महाराष्ट्र में आ रहे हैं और आपका हिस्सा ले जा रहे हैं। अगर जमीन और भाषा चली गई, तो आप खत्म हो जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'यह मराठी मानुष के लिए आखिरी चुनाव है। अगर आप आज मौका छोड़ देते हैं, तो आप खत्म हो जाएंगे। मराठी और महाराष्ट्र के लिए एक हो जाएं।' उन्होंने कहा, 'मुंबई कई लोगों की कुर्बानी के बाद मिली है। हम उन लोगों को क्या जवाब देंगे।' इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा, 'सुबह 6 बजे के लिए तैनात किए गए बीएलए तैयार रहें। अलर्ट रहें, चौकस रहें, लापरवाही न बरतें।

Himachal

# अर्की बाजार में भीषण अग्निकांड, सात साल के बच्चे का शव निकाला

## आठ से नौ लोगों के दबे होने की आशंका



**सोलन, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भीषण आग लग गई। अर्की बाजार में देर रात लगी आग ने नेपाली मूल के एक परिवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुखद घटना में सात साल के एक बच्चे का शव बरामद किया गया है, जबकि आठ से नौ अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

आग लगने का कारण नेपाली मूल के परिवार द्वारा जलती अंगीठी को घर के अंदर ले जाना बताया जा रहा है, जिसके बाद संभवतः छह से सात सिलिंडर फटने से आग ने भीषण रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोग इस भयावह मंजर को देखकर सहम गए। दमकल विभाग की टीमें आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। रात करीब 2 से 3 बजे के बीच लगी इस आग ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है।

फंसे हुए लोगों को निकालने और राहत कार्य के लिए बचाव अभियान जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का प्रमुख कारण परिवार द्वारा रात के समय जलती हुई अंगीठी को घर के अंदर ले जाना माना जा रहा है।

अंदर ले जाई गई अंगीठी से निकली चिंगारी ने संभवतः घर में रखे गैस सिलिंडरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके कारण छह से सात सिलिंडरों में विस्फोट हुआ।

Rajasthan

# विधायक ने रैन बसेरे में पकड़ी शराब पार्टी...

**पाली, (एजेंसी)** राजस्थान के पाली के रैन बसेरे में विधायक भीमराज भाटी ने शराब पार्टी पकड़ी। विधायक को देख सफाई कर्मचारी और उसके दोस्तों ने गिलास-शराब की बोतल छुपाने की कोशिश की। वहीं लोगों ने आरोप लगाया कि रैन बसेरे में रात बिताने के बदले रुपए मांगे जाते है। चैन से सोने नहीं देते।घटना रात करीब 9:30 बजे महालक्ष्मी मंदिर के सामने स्थित रैन बसेरे की है। जानकारी के अनुसार रैन बसेरे में सफाई कर्मचारी और दो दोस्तों के साथ जलाकर शराब पार्टी कर रहा था। शिकायत पर विधायक भीमराज भाटी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने अचानक निरीक्षण किया। विधायक भाटी ने बताया-जब रैन बसेरे में पहुंचे तो शराब की बोतलें खुली थीं। मैंने व्यंग्य किया कि हमारे लिए भी एक पैक बना दो, तब उन्होंने जल्दी से बोतलें और गिलास छिपाने की कोशिश की।



Chhattisgarh

# अर्धनग्न लड़कियों का अश्लील डांस, एसडीएम ने लुटाए पैसे

**गरियाबंद, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में ऑर्केस्ट्रा डांस कार्यक्रम में अश्लीलता का मामला सामने आया है। उरमाल में आयोजित 6 दिवसीय आयोजन में लड़कियां अर्धनग्न होकर नाचती रहीं। वहां मौजूद रसूखदार पैसे लुटाते रहे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये पूरा कार्यक्रम जिला प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद हुआ। अश्लील डांस के समय मैनपुर SDM तुलसी दास मरकाम भी वहां मौजूद थे, जिन्होंने खुद अपने मोबाइल में अर्धनग्न होकर नाचती लड़कियों का वीडियो बनाया। उनपर पैसे लुटाए। अब SDM तुलसी दास मरकाम को उनके पद से हटाकर कलेक्ट्रेट में अटैच कर दिया गया है। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने पुष्टि की कि SDM के खिलाफ एक आधिकारिक जांच समिति बनाई गई है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर मामले को आगे की कार्रवाई के लिए कमिश्नर के पास भेजा जाएगा। वहीं SP वेदव्रत सिरमौर ने ऑर्केस्ट्रा डांसर्स से KISS लेने वाले और मस्ती करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की है। 2 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है।



खेल

# सांसें रोक देने वाले मुकाबले में भारत की दमदार जीत

## विराट और गिल के अर्धशतक, श्रेयस की शानदार वापसी

**वडोदरा, (एजेंसी) भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज की शानदार शुरुआत करते हुए पहला मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। रविवार को वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने डेरिल मिचेल, डेवोन कॉनवे और हेनरी निकोल्स के अर्धशतकों की बदौलत 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए। 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट पर 306 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह भारत द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। इससे पहले भारत ने 2010 में बंगलुरू में न्यूजीलैंड के खिलाफ 316 रनों का लक्ष्य हासिल किया था।**



इस जीत के साथ भारत ने न्यूजीलैंड पर वनडे क्रिकेट में अपना दबदबा और मजबूत कर लिया। टीम इंडिया की यह 2023 से न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार आठवीं वनडे जीत रही। वहीं घरेलू सरजमीं पर भारत ने 2017 से न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार आठ वनडे मुकाबले जीत लिए हैं। दूसरी ओर, यह मैच हारने के साथ ही न्यूजीलैंड की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे में चली आ रही नौ मैचों की जीत का सिलसिला भी टूट गया। इसके अलावा, भारतीय टीम वनडे क्रिकेट में 300 या उससे ज्यादा के लक्ष्य का सबसे ज्यादा बार सफलतापूर्वक पीछा करने वाली टीम बन गई है। भारत ने अब तक 20 बार 300+ रन का लक्ष्य हासिल किया है, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक है। इस सूची में इंग्लैंड (15), ऑस्ट्रेलिया (14), पाकिस्तान (12) और न्यूजीलैंड व श्रीलंका (11-11) शामिल हैं।

301 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को पहला झटका रोहित शर्मा के रूप में लगा। वह 29 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। भले ही हिटमैन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने दो छक्के जड़कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मुकाबले में अपना 650वां अंतरराष्ट्रीय छक्का जड़ा और यह उपलब्धि हासिल करने वाले इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए। इतना ही नहीं, रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में ओपनर के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया।

इसके बाद कप्तान शुभमन गिल को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए विराट कोहली का साथ मिला। दोनों न्यूजीलैंड के लिए दीवार साबित हुए और 118 रनों की साझेदारी की। इस दौरान विराट ने अपने वनडे करियर का 77वां अर्धशतक महज 44 गेंदों में पूरा किया। वहीं, गिल ने 66 गेंदों में पचासा जड़ा। भारतीय कप्तान 71 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

# कोलंबियाई सिंगर येइसन जिमेनेज की विमान दुर्घटना में मौत



कोलंबिया के मशहूर पॉप सिंगर येइसन जिमेनेज की 34 साल की उम्र में विमान हादसे में दुखद मौत हो गई. चौंकाने वाली बात यह है कि हादसे से कुछ ही हफ्ते पहले उन्होंने सपने में अपनी मौत और विमान दुर्घटना देखी थी, जिसे उन्होंने पहले ही एक टीवी इंटरव्यू में शेयर किया था. कोलंबिया के मशहूर पॉप सिंगर येइसन जिमेनेज की मौत से जुड़ी एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली कहानी सामने आई है. 34 साल की उम्र में उनकी एक विमान हादसे में मौत हो गई, लेकिन इस हादसे से कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने सपने में अपनी मौत देखी थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को एक छोटा विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे में येइसन जिमेनेज, उनके बैंड के सभी सदस्य और फोटोग्राफर वेइसमैन मोरा समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई. सभी लोग मेडेलिन में होने वाले एक संगीत कार्यक्रम के लिए जा रहे थे. इस घटना को और भी भावुक बना देने वाली बात यह है कि येइसन जिमेनेज ने हाल ही में एक टीवी इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने तीन बार सपना देखा था कि उनका विमान क्रैश हो जाएगा. उन्होंने कहा था कि सपने में वह पायलट से विमान वापस मोड़ने को कहते थे और एक सपने में तो उन्होंने यह भी देखा था कि वे मर चुके हैं और उनकी खबरें टीवी पर चल रही हैं. जिमेनेज ने उस समय कहा था कि उन्हें लगता है कि ये सपने भगवान की ओर से कोई संकेत थे, लेकिन वह उन्हें समझ नहीं पाए.

## Highlights

1. Woman raped after being picked up in auto in Karnataka's Hubballi
2. Samsung service centre staff opens customer's WhatsApp, sees pics during repair; video surfaces
3. Pakistani drones seen hovering over areas along LoC, Army opens fire
4. Struggling for life: Woman recounts being injured by kite 'manja'
5. Adani Group to invest ₹1.5 lakh crore in Kutch over five years

# Maruti Suzuki approves ₹5,000-crore land deal to boost production capacity by 1 million units in Gujarat



**NEW DELHI, (Agency).** Maruti Suzuki India Ltd. has approved a plan to acquire land in Gujarat, as the nation's largest carmaker seeks to expand its annual production capacity by up to 10 lakh units (1 million) to meet rising demand.

The board of the New Delhi-based carmaker cleared an investment of ₹4,960 crore for land acquisition, development, and preparatory activities at Khoraj Industrial Estate, according to an exchange filing Monday. The land will be acquired from the Gujarat Industrial Development Corporation.

The expansion comes as Maruti's existing production capacity of approximately 24 lakh units per year across its car plants in Gurugram, Manesar, Kharkhoda, and Hansalpur is "fully utilised", according to the filing. The company's current production capability stands at 26 lakh units, inclusive of the output from the recently amalgamated Suzuki Motor Gujarat Pvt. Ltd.

While the timeline and total capital expenditure for capacity expansion on the new land parcel will be finalised in subsequent phases, the initial land deal will be financed through a mix of internal accruals and external borrowings. The automaker cited "growth in market demand including exports" as the primary rationale for the aggressive capacity ramp-up.

# DMart shares surge ~3% after Q3 results show outsized growth in profitability

**NEW DELHI, (Agency).** Shares of DMart parent Avenue Supermarts Ltd. surged after its latest quarterly results showed outsized growth in profitability.

On Monday (12 January 2026), DMart's share price rose as much as 2.96% to ₹3,917.95 apiece on the BSE even as the benchmark S&P BSE Sensex fell up to 0.50%. That, after the retailer controlled by billionaire investor Radhakishan Damani reported its third-quarter results.

Consolidated net profit of the big-box retailer rose 18.3% year-on-year to ₹856 crore in the




three months ended 31 December 2025, on revenue that 13.3% to ₹18,101 crore, according to an exchange filing 10 January.

DMart Q3 Results FY26 (Consolidated, YoY)

Revenue up 13.3% at ₹18,101 crore. EBITDA up 20.2% at ₹1,463 crore.

EBITDA margin up 50 bps at 8.1%

Net profit up 18.3% at ₹856 crore

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

डंपर से टकराई कार

# उज्जैन दर्शन के लिए जा रहे तीन श्रद्धालु घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क हादसा हो गया। उज्जैन जा रहे एक परिवार की कार आगे चल रहे डंपर से टकरा गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए है। सभी यात्री महाराष्ट्र के नासिक के है और उज्जैन दर्शन के लिए जा रहे थे।**



यह घटना कनाड़िया ब्रिज के पास सुबह करीब छह बजे हुई। एक आयशर वाहन को रास्ता देने के चक्कर में डंपर चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए थे, जिसके कारण पीछे से आ रही अर्टिगा कार उसमें जा घुसी। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से गाड़ी लेकर भाग निकला। इस दुर्घटना में कार सवार नीलेश वाकले, उनकी पत्नी मेघा और बेटा अंशू घायल हो गए हैं। नीलेश के सिर में चोट आई है और मेघा के हाथ में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। कार में सवार उनकी बेटी माही और ड्राइवर हर्षद सुरक्षित हैं। पूरा परिवार महाराष्ट्र के नासिक का रहने वाला है और महाकाल के दर्शन करने के लिए शनिवार रात किराए की कार लेकर निकला था। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही डायल 100 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। कार चालक हर्षद के मुताबिक, सीट बेल्ट और हादसे के वक्त एयरबैग खुलने की वजह से सबकी जान बच गई। पीछे की सीट पर बैठा परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। नीलेश वाकले नासिक में प्रॉपर्टी का काम करते हैं और उनकी पत्नी निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कनाड़िया पुलिस ने सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात बहाल कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर फरार डंपर चालक की तलाश कर रही है। वह डंपर छोड़कर भाग गया। पंद्रह दिन में इंदौर में यह तीसरा हादसा है। दो दिन पहले बायपास पर तेज कार की ट्रक की टक्कर से दो युवक व पूर्व मंत्री की बेटी की मौत हो चुकी है।

# बदमाश ने म्यूजिक टीचर का मोबाइल लूट लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना में बाइक सवार बदमाश ने म्यूजिक टीचर का मोबाइल लूट लिया। आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया। टीचर ने दूसरी गाड़ी से आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने रात में आरोपी पर एफआईआर दर्ज की है। उसकी तलाश की जा रही है।

खजराना पुलिस ने बताया कि नितिन झार निवासी एरोड्रम ने बताया कि वह पेशे से म्यूजिक टीचर है। रात में बायपास इलाके में एक प्रोग्राम में गया था। करीब 11 बजे वापस आते समय रेडिसन चौराहे के पास एमआर 10 के यहां रोड क्रॉस कर रहा था। तभी मोबाइल पर बात करते समय पीछे से आए बाइक सवार ने आईफोन पर झपट्टा मारा और मोबाइल लेकर स्टार चौराहे की तरफ भाग गया। लोगों से मदद लेकर उसका पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। रात में पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### वेयरहाउस में घुसा चोर

लसूडिया पुलिस ने एसडी लाजिस्टिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेयर हाउस मैनेजर राकेश सिंह सेंगर की शिकायत पर अज्ञात चोर पर एफआईआर की है। राकेश ने बताया कि उनकी कंपनी सोलर से संबंधी वायर, पैनल व अन्य उत्पादों का पूरे प्रदेश में डिस्पेच करने का काम करती है। वेयर हाउस पर पूरा सामान रखा था। शुक्रवार की रात में वह ताला लगाकर गए थे। दूसरे दिन शनिवार को पहुंचे तो ताला शटर का ताला टूटा था। अंदर से लाखों रुपए कीमत के कॉपर वायर व सामान गायब था। बाद में कैमरों के फुटेज में एक चोर शटर के अंदर आते दिखा है। उसके अन्य साथी बाहर लोडिंग वाहन से सामान भरकर लेकर गए। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार आरोपियों की तलाश शुरू की है।

# बदमाशों ने 12वीं के छात्र को चाकू मारे, रुपए छीने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जूनी इंदौर में बदमाशों ने शनिवार रात एक छात्र पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे चाकू मारे। बताया जाता है कि आरोपी पार्टी करने के लिए उससे रुपए मांग रहे थे। इसके बाद बदमाशों ने उस पर हमला कर रुपए भी छीने और फरार हो गए। रात में परिवार के लोग छात्र को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसका उपचार चल रहा है।

पुलिस ने छात्र गोपाल चौहान निवासी वीर सावरकर नगर के बयान के बाद राजेश पुत्र अशोक घावरी निवासी हरिजन कॉलोनी और धनराज उर्फ धन्नू पटेल के खिलाफ चाकूबाजी, अवैध वसूली जैसी धाराओं में एफआईआर की है। गोपाल ने बताया कि वह अपने 12वीं कक्षा में पढ़ाई करता है। वीडियो गेम पार्लर पर काम भी करता है। रात में दोस्त सन्नी खरे के यहां पर खाना खाने गया था। वहां से निकलने के बाद आरोपी रास्ते में मिले। राजेश ने रास्ता रोका ओर गर्दन पकड़कर कहने लगा कि पार्टी करना है। 2 हजार रुपए लगेंगे। वही धनराज ने चाकू निकाल लिया। इसके बाद राजेश ने सिर पर कडे की मार दी। वही जेब से रूपए निकाले। उसके बाद चाकू लेकर पैर पर मार दिया। धनराज ने भी एक चाकू दूसरे पैर पर मार दिया। इस दौरान गोपाल ने बचने की कोशिश की। आरोपी मौके से भाग गए। बाद में दोस्त सन्नी नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टर नही होने पर दूसरी अस्पताल में रेफर किया गया। रात में डॉक्टरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक